Bareilly, Wednesday,
14 August 2024

दैनिक जागरण

PAGE NO 4 : TOP

कैंडिल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (13 Aug): कोलकाता में जूनियर डाक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के छात्र भी आक्रोशित हैं. मंगलवार शाम मेडिकल कालेज के सभी छात्र– छात्राओं ने कैंपस में मोमबत्ती जलाकर जूनियर डाक्टर को श्रद्धांजलि दी. बैनर– पोस्टर के साथ मेडिकल कालेज से इमरजेंसी तक रोष मार्च निकाला और घटना में संलिप्त दोषियों की गिरफ्तारी, घटना की सीबीआई जांच, पीड़िता के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग के साथ डाक्टरों को सुरक्षा देने की अपील की.